**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

# प्रेस नोट

**दिनांक- 13.05.2025**

**विषय:- आनलाइन जुआ खिलाने वाले 02 नफर शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार व दो अदद एण्ड्रायड मोबाइल व माल फड 9610/- रूपया बरामद**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर श्रीमान् अपर पुलिस आयुक्त अपराध व श्रीमान् अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं मुख्यालय महोदय द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी श्री दयाराम की टीम द्वारा दिनांक 13.05.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर काली माता मन्दिर जद्दूमण्डी के पास आनलाइन जुआ खेलने व खेलाने वाले अभियुक्तगण 1. मोहित गुप्ता s/o स्व0 महेश गुप्ता पता- ग्लोरियस स्कूल के वगल मे सराय नन्दन खोजवा थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीव 42 वर्ष व 2. विकास कुमार s/o विरेन्द्र प्रताप पता- सोनहुल चकिया थाना चकिया जनपद चन्दौली उम्र करीब 20 वर्ष को दिनांक 13.05.2025 समय 09.17 बजे को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से माल फड 9610 रुपये व 02 अदद एण्ड्राएड मोबाइल बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण** –

दिनांक 13.05.2025 को मुखबिर खास की सूचना थी कि दो व्यक्ति काली माता मन्दिर जद्दूमण्डी के पास आनलाइन व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आनलाइन जुआ खेल व खेला रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दयाराम थाना लक्सा कमि0 वाराणसी की पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो उक्त स्थान पर 02 व्यक्ति मोबाइल लिये खड़े थे पुलिस बल को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, पुलिस बल द्वारा पूछताछ की गयी तो बताया कि हम अपने मोबाइल में भाग्यलक्ष्मी नाम का ग्रुप बनाकर जुआ खेलवाते है, जो लोग ग्रुप में जुड़कर अपने-अपने मोबाइल से नम्बर बताते है यदि आनलाइन वह नम्बर निकल गया तो वे जीत जाते है। पकड़े गये अभियुक्तगण के पास से 2 अदद मोबाइल एण्ड्रायड मोबाइल व माल फड के 9610/- रुपये बरामद किया गया है। फर्द बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान** –

दिनांक 13.05.2025 समय 09.17 बजे स्थान काली माता मन्दिर जद्दूमण्डी के पास थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 2 अदद मोबाइल
2. माल फड के 9610/- रूपया बरामद।

**नाम व पता अभियुक्तगण:-**

**1.** मोहित गुप्ता s/o स्व0 महेश गुप्ता पता- ग्लोरियस स्कूल के वगल मे सराय नन्दन खोजवा थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीव 42 वर्ष

**2.** विकास कुमार s/o विरेन्द्र प्रताप पता- सोनहुल चकिया थाना चकिया जनपद चन्दौली उम्र करीब 20 वर्ष

**<u>अपराध का विवरणः-</u>**

1. मु0अ0सं0-18/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -</u>**

**01.** प्रभारी निरीक्षक श्री दयाराम थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी ।

**02.** उ0नि0 श्री प्रमोद कुशवाहा चौकी प्रभारी औरंगाबाद थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी ।

**03.** उ0नि0 श्री करमवीरचन्द राय थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी ।

**04.** हे0कां0 अरविन्द यादव थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी।

**05.** का0 मुकेश कुमार मिश्रा थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी।

**06.** का0 विकास कुमार थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**